डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

दैनिक

पटना, 19 मई, शुक्रवार, 2023




बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में श्री **Siddaramaiah** जी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया।

इस दौरान कर्नाटक पीसीसी अध्यक्ष श्री **DK Shivakumar** जी, AICC GS व कर्नाटक प्रभारी श्री **Randeep Singh Surjewala** जी समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# कर्नाटक का संदेश भाजपा को हराया जा सकता है, मतदाताओं का लगातार भरोसा खो रही है भाजपा

इंजीनियर मोहिउद्दीन खान
संवाददाता। कांग्रेस दर्पण



कर्नाटक के मतदाताओं ने देश को दिखा दिया है कि यदि उनके सामने भाजपा का ठोस विकल्प पेश किया जाता है तो वे जुमलों, सांप्रदायिक उन्माद और हिंदुत्व के नारों के झांसे में नहीं आयेंगे और साफ़-सुथरी राजनीति, भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम एवं जनकल्याणकारी मुद्दों पर विकल्प पेश करने वालों को जनादेश देने में नहीं हिचकेंगे।

पिछले 2 साल से कर्नाटक हिंदुत्व की आंच पर पकाया जा रहा था। देखने में साफ़ लगता था कि गुजरात, यूपी के बाद अब कर्नाटक में भी मुस्लिम विरोधी सोच बड़े हिस्से में गहरे तक पेवश्त हो चुकी है। कर्नाटक में हिंदुत्व की प्रयोगशाला यदि मजबूती से पांव जमा लेती, तो बाकी दक्षिण को साधने की दिशा में बढ़ना तय था। फिलहाल दक्षिण में हिंदुत्व की पताका फहराने की मुहिम को जोरदार झटका लगा है। तेलंगाना में जरूर भाजपा के लिए हाथ-पांव मारने का अवसर मौजूद है, लेकिन लगता नहीं कि इस बार भी वहां वह कोई बड़ा उलटफेर कर पाने में समर्थ हो सकेगी।पिछले 9 वर्षों के दौरान मुख्यधारा की मीडिया और सोशल मीडिया में मोदी और भाजपा को केंद्र कर इतना कुछ लिखा गया है कि देश में प्रगतिशील हिस्से के भीतर तक उसके प्रभाव को लेकर स्थायी भाव तैयार हो चुका है। ''आयेगा तो मोदी ही'' का जुमला इस कदर सभी के सिर चढ़कर बोलने लगा है कि वास्तव में जमीनी स्थिति क्या है, के बारे में अखबारों में लिखने वाले टिप्पणीकार इसकी व्याख्या करना बंद का चुके हैं।,राहुल गांधी ने कुछ युवाओं के साथ कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत कर अपने घेरे को तोड़ने की पहल की। इसके नतीजे शानदार रहे। सिर्फ जनाधार ही नहीं बढ़ा, बल्कि देश की विविधता, बुनियादी मांगों, लोग वास्तव में क्या चाहते हैं, वे बुनियादी सवाल कौन से हैं और लोगों से कनेक्ट बनाने की समझ कांग्रेस के नेतृत्वकारी हिस्से में बनी। इस बीच भाजपा को गुजरात में जबर्दस्त जीत भी मिली, लेकिन बेहद सीमित संसाधनों में भी कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश में जनता द्वारा जीत की भेंट ने खोया आत्मविश्वास अवश्य लौटाया।

कर्नाटक में पंजाब के स्यापे और हिमाचल में जीत के मायने से प्राप्त अनुभवों का सहारा लेकर कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों को आधार बनाकर चुनावी मैदान में कूदने की रणनीति तैयार की। पूर्व मुख्यमंत्री, सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की दावेदारी को इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व ने सुलझाया और कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कर्नाटक के ही दिग्गज मल्लिकार्जुन खड़गे का मार्गदर्शन पूरे चुनाव अभियान में एकताबद्ध अभियान के रूप में सामने आया। नतीजा भाजपा का 40% कमीशनखोरी का मुद्दा 6 महीने पहले से ही कांग्रेस ने राज्य में सेट कर दिया था।,भाजपा अपने अंतर्कलह को अंत तक सलटा नहीं सकी। भाजपा के दिग्गज लिंगायत नेता बीएस येदुरप्पा और उनके बेटे को किनारे करने की मुहिम को नए उभर रहे नेताओं ने हवा दी। भाजपा के लिए चाणक्य कहे जाने वाले गृहमंत्री की सीधी दखल और इस बार गैर-लिंगायत नेता को मुख्यमंत्री बनाये जाने की संभावनाओं, मुख्यमंत्री बोम्मई की प्रशासनिक विफलता, बेंगलुरु महानगर में भयानक जाम और थोड़ी बारिश में भी बाढ़ की स्थिति के साथ-साथ भाजपा और संघ समर्थित संगठनों के द्वारा साल भर हिंदू-मुस्लिम भावनाओं को भड़काने की कवायद ने शहरी मतदाताओं और मध्यवर्ग के एक हिस्से को निराश ही किया।कांग्रेस ने इस बार संभवतः पहली बार अपने कोर वोटर को पहचाना। दलित, पिछड़े, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के मुद्दों को प्रमुखता से जगह दी।

इसी का नतीजा है कि कांग्रेस को इस बार करीब-करीब हर समुदाय से वोट हासिल हुए हैं। यहां तक कि यदि चुनाव के अंतिम चरण पर गौर करें तो लग रहा था मोदी कर्नाटक में जीतने के लिए नहीं बल्कि 2024 के चुनावों में अपनी अपरिहार्यता के लिए रोड शो कर रहे हैं। जबकि राहुल गांधी ने अपने रोड शो को कैंसिल कर गिग वर्कर्स की समस्याओं को सुनने, गिग वर्कर्स के स्कूटर पर बैठकर सवारी करने या सार्वजनिक परिवहन का सफर कर महिला मतदाताओं के लिए मुफ्त परिवहन के चुनावी मुद्दे को हाईलाइट करने पर जोर दिया। यह छवि गरीब और मध्य वर्ग के एक हिस्से में निश्चित रूप से घर कर रही है।कर्नाटक चुनाव परिणाम आने के बाद से ही अब सभी का ध्यान सीधे 2024 की ओर चला गया है।

आज देखें तो राहुल गांधी अपने नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी की विरासत और शाही खानदान की स्थापित छवि से दूर मोदी सरकार द्वारा जबरन संसद सदस्यता और लुटियन जोन के सांसद आवास से मुक्त एक आम नागरिक बन गये हैं। वहीं दूसरी तरफ एक चाय बेचने वाले की गढ़ी गई छवि से कोसों दूर नरेंद्र मोदी की छवि भारी लाव-लश्कर के साथ सरकारी खर्च पर अंगरक्षकों की सेना के साथ रोड-शो करने वाले की होती जा रही है। 2024 तक टैक्स पेयर्स के पैसे से हजारों करोड़ रूपये का संसद और पीएम आवास भी बनकर तैयार हो जाने वाला है। भव्य राम मंदिर, नए संसद और धारा 370 को खत्म करने जैसे मुद्दों के अलावा भाजपा के पास देने के लिए जो है, वह इतना निरर्थक और बौना है कि वह भाजपा बनाम संयुक्त विपक्ष का मुकाबला करने के लिए नाकाफी होगा।देशभर में विपक्ष की स्थिर सरकारों के खिलाफ ईडी, सीबीआई का दुरूपयोग किया गया, कई राज्यों में धन-बल और ईडी का डर दिखाकर सत्ता हथियाई गई और कई राज्यों में यह प्रयास अधूरा छूटा है, उसने सभी को एकजुट रहने के लिए मजबूर कर दिया है।



**CLP मीटिंग के पश्चात कर्नाटक के भावी मुख्यमंत्री श्री Siddaramaiah जी, भावी उपमुख्यमंत्री DK Shivakumar जी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक के राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। कर्नाटक की खुशहाली की गारंटी की आज शुरुआत हो चुकी है।**

# कर्नाटक में सरकार बनाने को लेकर शीर्ष नेतृत्व का फैसला राहुल गांधी की परिपक्वता को दर्शाता है : राकेश राणा

संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

कर्नाटक में नई सरकार के गठन के लिए कांग्रेस नेतृत्व ने परिपक्वता से निर्णय करते हुए कांग्रेस के दिग्गज नेता सिद्धारमैया को प्रदेश का मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डीजे शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाकर पूरे देश में एक परिपक्व राजनीति का संदेश दिया है।

इस फैसले को लेकर सिर्फ कर्नाटक नहीं बल्कि पूरे देश में कांग्रेस जनो में उत्साह का माहौल है।

जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा स्वस्थ लोकतंत्र की गरिमा में कर्नाटक की राजनीति का एक बड़ा उदाहरण होगा

आज ओछी राजनीति करने वाले भाजपाई बुरी तरह बौखलाए हुए हैं और जिस तरह गोदी मीडिया अपनी गिद्ध दृष्टि लगाए हुए था वह भी आज उदास और हताश बैठे हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के लिए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शिव कुमार के नाम की घोषणा के बाद कर्नाटक में कांग्रेसजन और प्रदेश की जनता में उत्साह का माहौल है उन्होंने देव भूमि उत्तराखंड के कांग्रेश जनों की ओर से दोनों नेताओं को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है साथ ही कहा कि जिस तरह कर्नाटक की जनता ने भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सांप्रदायिक एजेंडे को खारिज किया उससे पूरे देश में एक नया जोश नई उर्जा का संचार होता हुआ

साथ ही राजनीति में झूठ बोलकर जनता को गुमराह करके वोट हासिल करने वालो के खिलाफ एक बड़ा संदेश है अब लोग जाति धर्म नफरत की राजनीति से अजीज आ चुके हैं लोग चाहते हैं देश में अमन-चैन का माहौल बने बेरोजगार नौजवानों को रोजगार मिले बुजुर्ग विधवा गरीब असहाय लोगों को सरकार का



संरक्षण मिले इसी परिपेक्ष में जो कांग्रेस ने 5 गारंटी योजना का खाका बना कर कर्नाटक की महान जनता के सामने रखा उस पर लोगों ने विश्वास जताया और हमें विश्वास है आने वाले समय में 4 राज्यों के साथ-साथ 2024 के लोकसभा के चुनाव में देश की महान जनता इसी तरह कांग्रेस पर भरोसा करेगा और आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

देवभूमि उत्तराखंड की ओर से कर्नाटक के कांग्रेस जनों कर्नाटक की महान जनता मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया जी उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार जी को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।



# देश के आम नागरिक को जीवन रक्षा की गारंटी देने वाली भारतीय जीवन बीमा निगम में निवेशकों का दो लाख करोड़ रुपए का नुकसान






संवाददाता l कांग्रेस दर्पण

अडानी समूह महाघोटाला का प्रभाव देश के आम नागरिक को सुरक्षा देने वाली एल आई सी पर पड़ने के कारण इसके शेयरों की कीमत एक साल के भीतर 40% तक गिर गई और निवेशकों को लगभग 02 लाख करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ रहा है ।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी,शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, सुनील कुमार राम, उदय शंकर पालित, प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, सुरेन्द्र शर्मा, , विनोद उपाध्याय, मो समद, असरफ इमाम, आदि ने कहा की भारतीय जीवन बीमा निगम में देश के 30 करोड़ पॉलिसी धारक तथा भारतीय स्टेट बैंक के 50 करोड़ यानी कुल 80 करोड़ का बैंक खाता है, जिन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई से थोड़ा, थोड़ा बचा कर बेटी की शादी, बेटा की पढ़ाई कर लिए, जीवन सुरक्षा आदि में लाखो, लाख करोड़ रूपए का जो निवेश किया जिसे केंद्र की मोदी सरकार अडानी समूह को लाभान्वित करा रही है,जिससे आमजन में भारी आक्रोश है।

नेताओ ने कहा की देश के साहसी, सजग, संघर्षशील, जनप्रिय ईमानदार, लोकप्रिय विपक्ष की आवाज, संपूर्ण देश में विगत नौ वर्षो से सड़क से संसद तक देशवासियों के लिए आवाज बुलंद करने वाले राहुल गांधी ने 4000 हजार किलोमीटर पदयात्रा कर करोड़ों आमजन से मिलकर उनके समस्याओं से रूबरू होते हुए देश में बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाला के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे है, जो आज अक्षरशः प्रमाणित भी हो रहा है।

नेताओ ने कहा की एल आई सी मार्केट कैपिटलाइजेशन में एक साल के अंदर 35% की गिरावट से आमजन बेहद चिंतित और आक्रोशित है ।

नेताओ ने एल आई सी के पॉलिसी धारकों की जमा राशि एवम् सभी पोलिसियो की निर्धारित समय सीमा के अंदर की गारंटी तथा अडानी प्रकरण महाघोटाला की जेपीसी जांच की मांग केंद्र सरकार से किया है।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

## मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया के नाम की घोषणा

कांग्रेस आलाकमान ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया के नाम की घोषणा कर दी है.

पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने प्रेस कॉन्फ़्रेंस कर के बीते पाँच दिनों से जारी सस्पेंस को ख़त्म किया.

कर्नाटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को लेकर पेच फँसा हुआ था.

कर्नाटक विधानसभा चुनाव की मतगणना पिछले हफ़्ते शनिवार को हुई थी और कांग्रेस को 224 में से 135 सीटों पर जीत मिली थी.

इस जीत के बाद बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई थी लेकिन किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पाई थी.

विधायक डीके शिवकुमार और सिद्धरमैया के बीच बँट गए थे. लेकिन कहा जा रहा है कि ज़्यादातर विधायक सिद्धारमैया के साथ थे.

हालांकि कांग्रेस को कर्नाटक में जीत दिलाने में डीके शिवकुमार की भी अहम भूमिका मानी जा रही है।





Creation 7463096991

# अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल
# प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर



**बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल से जुड़ने के लिए मिस्ड कॉल करें-**

**8252667278**

| क्रम सं. | तारीख | प्रमंडल | |
|---|---|---|---|
| 1 | 03 से 05 जून | पटना प्रमंडल | जिला- पटना, भोजपुर, कैमूर, बक्सर, रोहतास, नालंदा |
| 2 | 06 से 08 जून | मगध प्रमंडल | जिला- गया, अरवल, नवादा, औरंगाबाद, जहानाबाद |
| 3 | 09 से 11 जून | तिरहुत प्रमंडल | जिला- मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली |
| 4 | 12 से 14 जून | मुंगेर प्रमंडल | जिला- मुंगेर, जमुई, शेखपुरा, खगड़िया, लखीसराय, बेगूसराय |
| 5 | 15 से 17 जून | भागलपुर प्रमंडल | जिला- भागलपुर, बांका |
| 6 | 18 से 20 जून | दरभंगा प्रमंडल | जिला- दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर |
| 7 | 21 से 23 जून | पूर्णिया प्रमंडल | जिला- पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, कटिहार |
| 8 | 24 से 26 जून | कोसी प्रमंडल | जिला- सुपौल, मधेपुरा, सहरसा |
| 9 | 01 से 03 जुलाई | सारण प्रमंडल | जिला- सारण, सीवान, गोपालगंज |



**रुचि सिंह**
प्रदेश महिला अध्यक्ष



**डॉ. संजय कुमार**
का. मुख्य संगठक



**आदित्य पासवान**
प्रदेश अध्यक्ष यंग ब्रिगेड

**बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10**


## अतिआवश्यक सूचना

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष डाक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी के पत्रांक 60 दिनांक 16/05/2023 के द्वारा गया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी के द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के सभी प्रखंड अध्यक्ष गण को सूचित किया जाता है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस सेवादल का प्रशिक्षण शिविर 03जून से 3 जुलाई 2023 तक बिहार प्रदेश के 9 प्रमंडलों में 09 प्रशिक्षण शिविर सेवादल का करने का निश्चय प्रदेश सेवा दल के संगठक डॉ संजय यादव जी के द्वारा किया जाना है।

अतः गया जिला कांग्रेस कमेटी के सभी प्रखंड अध्यक्ष गण को सूचित किया जाता है कि आप अपने अपने प्रखंड से 2से 5की संख्या में सेवा दल के प्रशिक्षण शिविर में भेजने की तैयारी कर लें। मगध प्रमंडल के प्रशिक्षण शिविर सेवादल के लिए प्रदेश से सूचना आने पर समय और स्थान बताया जायेगा।

इसे अतिआवश्यक समझें। इस कार्य के लिए आप सभी सहयोग प्रदान करें।


भवदीय
चंद्रिका प्रसाद यादव
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी गया।

# हिन्दुत्व का विखरता स्वरूप

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

हमारे सनातन धर्म को ही लोग हिन्दू धर्म कहने लगे हैं । सनातन धर्म दुनिया का प्राचीनतम धर्म और व्यवहारिक रुप से अंगीकार किया जाने वाला वैदिक विज्ञान पर आधारित धर्म है । सनातन धर्म का सार तत्व है कि मनुष्य दैविक दैहिक और भौतिक व्याधियों से मुक्त होकर स्वस्थ जीवन जीये । स्वाभाविक है कि जब मनुष्य हर दृष्टि से स्वस्थ होगा तो उससे स्वस्थ परिवार बनेगा और स्वस्थ परिवार से स्वस्थ समाज और देश बनेगा। यही एक मात्र कारण कि विना किसी धर्म गुरु के , विना किसी प्रचार प्रसार के सनातन धर्म लाख विरोध के बावजूद अक्षुण्ण बना हुआ है ।हिन्दू धर्म को सबसे अधिक कमजोर करने का प्रयास सबसे पहले बौद्ध ने किया फिर इस्लाम का जबरदस्त प्रहार हिन्दू धर्म पर हुआ लेकिन हिन्दू धर्म अपनी रक्षा करने में सर्वदा सफल हुआ ।

ईसाई लोगों ने देखा कि सनातन धर्म को बौद्धों ने अपनी नीतियों और आदर्शों के बल पर नही हिला सका , इस्लाम का तलवार भी इसका बाल बांका नहीं कर सका तो ईसाइयों ने इसके संस्कारों पर आक्रमण करना प्रारंभ कर दिया ।आज स्थिति यह हो गयी है कि ईसाई और हिन्दू धर्म मे फर्क करना कठिन हो गया है । हमारे पर्व त्योहार, वेशभूषा , आहार व्यवहार , खन पान मे तो ईसाइयत आ ही गयी है और अब तो शादी ब्याह , जन्म मरन आदि संस्कार भी हम ईसाइयों की तरह करने लग गये है ,आपको सौ पचास की भी भीड में हिन्दू खोजना कठिन होगा । हम जाने अनजाने में ईसाइयत की ओर बढ चले हैं और यदि यह कहें कि हम हिन्दू पूरी तरह ईसाई हो गये हैं सिर्फ कहने भर को हिन्दू हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी ।आज हम धडल्ले से वर्थडे ,मदर्स डे , फादर्स डे और सैकडों डे रोज मनाते हैं केक काटते हैं जली हुई मोमबत्तियां बुझाते हैं और गर्व से अपने को हिन्दू कहते हैं । आश्चर्य तो तब होता है जब हम बडे बडे मंदिरों मे भी ईसाइयों की पोसाक मे हिन्दू की हैसियत से पूजा अर्चना करने जाते हैं । ईसाई धर्म के प्रचारक प्रसारक इसी वक्त की तलाश मे थे और इसी के लिए सैकड़ों वर्षों से प्रयास रत थे जो आज सफल होता दिख रहा है ।



हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए इसे जिवन्त बनाये रखने के लिए हमारे मनिषियों ने ऋषि मुनियों ने देश भर में ढेर सारे मढ मंदिरों का निर्माण कराये जहां से हिन्दू धर्म की अविरल धारायें प्रस्फुटित होती है , उसे भी सुनियोजित तरीक़े से सौन्दर्यीकरण के नाम पर तोड कर पर्यटक स्थल का रुप दिया जा रहा है जो अब आस्था और विश्वास का केन्द्र नहीं होकर एक धन उगाही केन्द्र हो गया है। देखने सुनने में यह अच्छा लग सकता है लेकिन हिन्दू धर्म की आत्मा खंडित होती नजर आ रही है और यह सब सरकारी संरक्षण मे ऐसी सरकारों द्वारा किया या कराया जा रहा है जो अपने को हिन्दुओं का रहनुमा बताती है । यदि इसी तरह मंदिरों को तोड कर सौन्दर्यीकरण के नाम पर पर्यटन को बढावा देने के नाम काशी विश्वनाथ की हमारे देवी देवताओं की मुर्तियों को सडकों पर फेंका जायगा तो हमारा बचा खुचा हिन्दुत्व भी विलीन हो जायगा । आप समझ गये होंगे की मै बात भाजपा सरकार के हिन्दुत्व की बात कर रहा हूँ और जब आप समझ ही गये तो बातें खुलकर ही हो जाय की भाजपा का हिन्दुत्व एक छलावा है जो बहुसंख्यक हिन्दुओं की भावनाओं को भडका कर राज सत्ता पर किसी तरह बना रहना चाहता है ।

अब आप सोचिए भाजपा का एक मातृसंगठन आर एस एस है जो पहले हाफ पैंट पहनकर और अब फूल पैंट पहन कर हिन्दू राष्ट्र का स्वप्न देश को दिखा रहा है । काम और उद्देश्य के अनुरूप पोशाक बहुत आवश्यक है । टीवी डिबेट में बडे बडे पंडालों में भाषण देते हुए भाजपाई विद्वान सहजता दिख जांयेंगे जो कहीं से भी प्रथमदृष्टया हिन्दू नहीं लगते हैं ।

भारत में अस्सी फिसदी लोग हिन्दू धर्मावलंबी हैं और हिन्दुत्व के नाम पर जो हिन्दुत्व का विकृत रुप तैयार किया जा रहा है उससे हिन्दू राष्ट्र बनना तो दूर हिन्दुत्व के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लग सकता है ।

मै हमेशा इसबात के लिए चिंतित रहता हूँ कि हिन्दुत्व का विकास कैसे होगा ? मै सदा इसबात का प्रयास करता हूँ कि हमारा अहार व्यवहार वेशभूषा और संस्कार ऐसा हो ताकि हमे देखकर ही लोग पहचान जांय की ये हिन्दू हैं । हमने उपर ही कहा है कि हिन्दू धर्म की मूल भावना है व्यक्ति को मजबूत बनाना । आप यदि मजबूती से हिन्दू धर्म के संस्कारों को अंगिकार करेंगे तो आपका परिवार हिन्दुवादी हो जायगा आपका समाज और राष्ट्र स्वयं हिन्दुवादी हो जायगा ।आप जितनी तेजी से और मजबूती के साथ हिन्दुत्व के संस्कारों को ग्रहण करेगें उतनी ही तेजी से देश क्या सम्पूर्ण विश्व हिन्दू मय हो जायगा। आप जो सोचते हैं कि ये भाजपाई लोग जो प्रायोजित साधू संतों के माध्यम से आपको हिन्दू राष्ट्र का स्वप्न दिखा रहे हैं ,वह धोखा है , वह सत्ता में बने रहने और आपका ध्यान असली मुद्दा मंहगाई बेरोजगारी कुपोषण और भूखमरी से भटकाने भर के लिए है । हिन्दू हिन्दू कहकर हिन्दू धर्म को ही विलुप्त कर देगा ,हिन्दुस्तान की सभ्यता और संस्कृति को विनष्ट कर देगा ।

आप यदि वास्तव में हिन्दू धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए चिंतित हैं तो इसका प्रयास भी आपको ही करना होगा और मैने जो उपर बताया है, उसके अनुरूप आचरण करना होगा ।

आज अचानक धर्म पर कुछ लिखने का विचार विचत दिनों बागेश्वर धाम बाले बाबा को पटना सुननेवाले की हूजूम देख कर हुआ कि लोगों की आस्था और विश्वास हिन्दू धर्म में है लेकिन आचरण ,अहार व्यवहार और वेशभूषा और संस्कार कोर्ट पेंट टाई वाली हो गयी है जो हिन्दू धर्म के लिए खतरे की घंटी है लेकिन कोई भाजपाई बाबा यह सब नहीं बता कर झाड फूंक कर और आपके उज्जवल भविष्य का पर्चा निकाल कर आपको स्वप्नों की दुनिया अंधविश्वास की सबारी करने छोड दिया जाता है जबकि हिन्दू धर्म हमें ..कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन् , का पाठ पढाता है ।

लेखक
अजय कुमार झा
कांग्रेस नेता
तारापुर विधानसभा क्षेत्र
( मुंगेर ) बिहार।



अस्सलामु अलैकुम आप सभी को

बिहार मुशायरे मे 21 तारीख़ को इमरान प्रतापगढ़ी आ रहे हैं



# प्रकाश प्रकाशित करके अपनी परछाईं ढालें - शकील काकवी

## गांव काको में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस

संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

1960 में थियोडोर मैमन के लेजर के सफल संचालन की स्मृति में 16 से 18 मई 2023 तक कायनात इंटरनेशनल स्कूल, कायनात नगर, काको, जहानाबाद, बिहार में कायनात फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस मनाया गया -

यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले के अनुसार, ₹प्रकाश के बिना, हमारा ग्रह एक ठंडा और बंजर स्थान होगा। दरअसल, जहां प्रकाश होता है, वहां अक्सर जीवन बहुतायत में होता है। फिर भी प्रकाश मानवता के लिए और भी अधिक प्रतिनिधित्व करता है। प्रकाश ज्ञान के साथ-साथ चलता है; यह एक लेंस है जिसके माध्यम से दुनिया को देखा और समझा जा सकता है।

कायनात फाउंडेशन के संस्थापक सचिव शकील अहमद काकवी ने युवा छात्रों को शांति और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कायनात फाउंडेशन द्वारा डिजाइन किया गया कार्यक्रम ₹₹प्रकाश प्रकाशित करके अपनी परछाईं ढालें ₹ पर आधारित था। कायनात साइंस क्लब के छात्रों ने बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में ₹प्रकाश के पारंपरिक स्रोत₹ पर प्रदर्शनी लगाई।

चाहत मल्होत्रा, अंकेश कुमार ने प्रकाश का सफर, पत्थर, मशाल, दीया, ढिबरी, मोमबत्ती, लालटेन, मिट्टी के तेल का दीया, बल्ब, ट्यूब लाइट, सीएफएल और एलईडी से शुरू हुआ सफर पेश किया। कार्यक्रमों में ₹हमारी सांस्कृतिक विरासत में प्रकाश की भूमिका₹ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, ₹चिकित्सा, संचार और ऊर्जा में प्रकाश का महत्व₹ पर प्रश्नोत्तरी, ₹प्रकाश और सतत विकास₹ पर व्याख्यान, ₹शांतिपूर्ण के लिए नींव का निर्माण₹ पर निबंध शामिल थे। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला और संस्कृति के सकारात्मक उपयोग द्वारा समाज₹, रंगोली (शुष्क रंगों के साथ जमीन पर कला) अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस, पेंटिंग - प्रकाश और मेरी छाया। छात्रों की गतिविधियों का आयोजन भारत स्काउट्स एंड गाइड्स यूनिट प्रभारी पायल कुमारी और साइंस क्लब सचिव (गर्ल्स विंग) मदीहा राशिद द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का समन्वयन श्री बेलाल अहमद अंसारी, कायनात साइंस क्लब प्रभारी और श्री हसनैन आलम, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स यूनिट और श्रीमती लामिया कमाल, प्रभारी कायनात इंटरनेशनल स्कूल के ईको-क्लब द्वारा किया गया। सुरेंद्र मोहन, बुधा संस्थान, काको, विनय कुमार, संस्थापक निदेशक, सर्वोदय स्कूल, काको ने 600 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ छाया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शकील अहमद काकवी।







आज का दिन दिव्यांग नन्हें बच्चों के नाम 👇. 🙏 🙏 बगहा : आज बगहा के सैकड़ों नन्हें बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र सौंपा गया साथ ही हर बच्चों के माता पिता से मिलकर उनको हिम्मत देने का काम किया ताकि उनका मनोबल बढ़े


## मछली की आंख, अर्जुन का तीर और कर्नाटक चुनाव

**कर्नाटक की 'अर्जुन' रूपी जनता ने इखढ की 40% कमीशन सरकार पर वोट रूपी ऐसा 'तीर' मारा कि अहंकार और झूठ परास्त हो गए और कर्नाटक की जनता जीत गई।**



# किसान कांग्रेस सम्भल तय करेगा कांग्रेस के आंदोलन की रणनीति और तैयारी

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



दोस्तो 22 मई 23 को किसान कांग्रेस सम्भल तय करेगा कांग्रेस के आंदोलन की रणनीति और तैयारी।

दोस्तो कांग्रेस के इस आंदोलन पर विस्तार से चर्चा तो 22 मई को ही होगी लेकिन कांग्रेस का यह आंदोलन किस प्रकार से शुरू होगा किसके नेतृत्व में चलेगा यह सब त्यार हो गया।

सम्भल कलेक्ट्रेट से कांग्रेस का यह आंदोलन शुरू होगा यह आंदोलन मोदी सरकार के विरुद्ध होगा इस आंदोलन के तहत कहीं पर भी जन सभा का आयोजन नहीं किया जाएगा बल्कि इस आंदोलन के तहत गांवों कस्बों और शहरों में जगह जगह नुक्कड़ सभाएं की जाएंगी कांग्रेस के इस आंदोलन का नेतृत्व किसान कांग्रेस सम्भल के जिलाध्यक्ष विनोद साथी यानी में स्वयं करूंगा।

दोस्तो कांग्रेस का यह आंदोलन सम्भल कलेक्ट्रेट से शुरू होकर अलीगढ़ मथुरा होता हुआ राजिस्थान में प्रवेश करेगा राजिस्थान में कोशिश होगी कि सभी जनपदों में नुक्कड़ सभाएं हों राजिस्थान से यह आंदोलन मध्यप्रदेश में प्रवेश करेगा मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगा।

दोस्तो किसान कांग्रेस सम्भल कांग्रेस को विस्वास दिलाता है इस बार इन तीनों प्रदेशों के साथ ही तेलंगाना में भी कांग्रेस की सरकारें ही बनेंगी।

दोस्तो छत्तीसगढ़ के बाद यह आंदोलन देश के 7 या 8 प्रदेशों से होता हुआ दिल्ली में पहुंचेगा और दिल्ली में ही इस आंदोलन का समापन होगा।

दोस्तो कांग्रेस के इस आंदोलन में केबल एक बाहन का ही प्रयोग किया जाएगा।

दोस्तो कांग्रेस की ओर से इस आंदोलन में कौन सा लीडर कहां शामिल होगा यह सब हम कांग्रेस पर ही छोड़ देंगे।

दोस्तो किसान कांग्रेस सम्भल 22 मई 23 को एक पत्र द्वारा कांग्रेस के इस आंदोलन की जानकारी कांग्रेस अध्यक्ष श्री खरगे जी को देंगे।

दोस्तो कांग्रेस का यह आंदोलन देश की मौजूदा राजनैतिक व्यवस्था को भी बदलेगा

धन्यवाद
आपका अपना विनोद साथी
जिलाध्यक्ष
किसान कांग्रेस सम्भल उ.प्र.




**हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा करने वाली मोदी सरकार में बेरोजगारी उफान पर है।**

**चपरासी, चौकीदार, गेटकीपर की पोस्ट के लिए 55 लाख आवेदन और वो भी उच्च शिक्षित बेरोजगार युवाओं के।**

**तथाकथित 'अमृत काल' में युवाओं का 'बेरोजगारी' से बुरा हाल है.. युवाओं को रोजगार दीजिए सरकार।**

# नए भगवानों का मंदिर !!

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**Shivraj Singh Chouhan** जी,

याद रखिए लोकतंत्र में जनता ही भगवान होती है ! जनप्रतिनिधि सिर्फ सेवा के लिए चुने जाते हैं ! ठीक इसी तरह प्रशासनिक तंत्र भी लोकसेवा के लिए ही नियुक्त होता है !

लेकिन, आपके #विदिशा में ऐसा नहीं होता है ! क्योंकि, पूरा सिस्टम ही सोया रहता है !

**PMO India**
**Narendra Modi**

आप समझ रहे होंगे कि ये दोनों लोग साष्टांग दण्डवत मुद्रा में किसी मंदिर में जा रहे हैं ? जी हाँ, ये विदिशा मध्यप्रदेश के प्रशासक यानि 'नये भगवानों' का मंदिर है. जी हाँ, ये हमारा भारत ही है, उसमें हमारा मध्यप्रदेश है, जहाँ के विदिशा ज़िला मुख्यालय के कलेक्टर कार्यालय में 'जनसुनवाई' की गुहार लगाते लगाते बेबस होकर इस तरह रेंगते हुए आ रहे हैं.

ख़ानापूरी के लिये विदिशा के कलेक्टर और उनकी टीम 'जनसुनवाई' का तामझाम रचते हैं.



एक वीडियो में शिवराज सिंह चौहान जी के चहेते विदिशा के कलेक्टर 'उमाकान्त भार्गव' हैं, जो ये तो बता रहे हैं कि मामला पारिवारिक है, लेकिन ये कहाँ बता रहे हैं कि पीड़ित परिवार ''कितनी जनसुनवाईयों'' में आता रहा है !! महिला ने कार्यालय के अंदर ख़ुद पर पेट्रोल डाल कर आग लगाने की कोशिश भी की, लेकिन महिला तहसीलदार ने उसे पकड़ लिया.


शिवराज सिंह चौहान जी को विदिशा ने सब कुछ दिया लेकिन बदले में उन्होंने विदिशा को 'संवेदनाहीन प्रशासन' लौटाया !!

**CM Madhya Pradesh**
#अंधेरनगरीमामाराजा
**Jitu Patwari Digvijaya Singh**
**Kamalnath Kamal Nath**





**धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी विस्तारित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्री Rajesh Thakur जी एवं जिलाध्यक्ष श्री @SantoshSinghINC ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिया।**




## राजस्थान में पहली बार

- एक वित्तीय वर्ष में ब्याज मुक्त, सहकारी फसली ऋण का सबसे ज्यादा वितरण
- 29.71 लाख किसानों को ₹19,740 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण बांटा गयासेवा ही कर्मसेवा ही धर्म





वह 18 मई, 1974 की सुबह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी अपने लॉन में आम जनता से मुलाकात कर रही थीं। तभी उन्हें एक खबर मिली जिसके बाद उनके चेहरे पर जीत की मुस्कान थी, क्योंकि भारत का पहला परमाणु परीक्षण सफल हो गया था।

सुबह नौ बजे आकाशवाणी के जरिये देशवासियों को बताया गया, ₹आज सुबह आठ बजकर पांच मिनट पर भारत ने पश्चिमी भारत के एक अज्ञात स्थान पर शांतिपूर्ण कार्यों के लिए एक भूमिगत परमाणु परीक्षण किया है।

ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा सफल हुआ। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के महान वैज्ञानिकों के साथ मिलकर एक मजबूत परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की नींव डाली थी, जो अपने अंजाम तक पहुंच गई। आयरन लेडी इंदिरा गांधी जी नेतृत्व में चंद देशों के विशेषाधिकार को तोड़ते हुए भारत परमाणु शक्ति संपन्न देश बन गया।

भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने वाली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी, इस महान कार्य को अंजाम देने वाले सभी वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों एवं तकनीकी सहायकों को नमन।

